


# प्लैनेट न्यूज़ इंडिया

हर खबर सच के साथ

RNI No.- UPHIN/25/A4228
भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त


## ईरान-अमेरिका वार्ता: वेंस को तरजीह, ट्रंप प्रशासन ने रखा अंतिम फैसला





पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच ईरान ने अमेरिका के साथ संभावित बातचीत को लेकर अपना रुख साफ कर दिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, तेहरान चाहता है कि वार्ता अमेरिकी उपराष्ट्रपति JD Vance के साथ हो। ईरान का मानना है कि वेंस का रुख अपेक्षाकृत संतुलित है और वे सैन्य कार्रवाई के बजाय कूटनीतिक समाधान के पक्षधर हैं, जिससे बातचीत के सकारात्मक नतीजे निकल सकते हैं। दूसरी ओर, ईरान ने Jared Kushner और Steve Witkoff के साथ दोबारा बातचीत से इनकार कर दिया है। रिपोर्ट के अनुसार, पहले हुई वार्ताएं भरोसे की कमी के कारण सफल नहीं रही थीं, इसलिए तेहरान अब नए चेहरे के साथ बातचीत कर बेहतर परिणाम चाहता है। हालांकि, Donald Trump प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अमेरिका की ओर से बातचीत में कौन शामिल होगा, इसका अंतिम निर्णय राष्ट्रपति ही लेंगे।

इस बीच, Shehbaz Sharif ने अमेरिका और ईरान के बीच मध्यस्थता की पेशकश कर क्षेत्रीय कूटनीति को और गति दे दी है। विशेषज्ञों का मानना है कि ईरान का यह रुख केवल व्यक्तियों का चयन नहीं, बल्कि एक स्पष्ट कूटनीतिक रणनीति का हिस्सा है। JD Vance को प्राथमिकता देकर तेहरान यह संकेत दे रहा है कि वह ऐसे नेतृत्व के साथ बातचीत चाहता है जो टकराव के बजाय समाधान पर जोर दे। आने वाले समय में यह देखना अहम होगा कि Donald Trump प्रशासन इस संकेत को किस तरह लेता है और क्या यह पहल वास्तव में पश्चिम एशिया में शांति की दिशा में कोई ठोस प्रगति ला पाती है।

## नारी शक्ति वंदन कानून पर सियासत तेज: कांग्रेस का मोदी सरकार पर यू-टर्न





कांग्रेस ने Narendra Modi सरकार पर नारी शक्ति वंदन कानून को लेकर यू-टर्न लेने का आरोप लगाया है। पार्टी के महासचिव Jairam Ramesh ने कहा कि सरकार पहले कहती थी कि महिलाओं को आरक्षण परिसीमन और जनगणना के बाद ही लागू किया जा सकता है, लेकिन अब बिना इन प्रक्रियाओं के ही इसे लागू करने की तैयारी की जा रही है, जो सरकार की नीतियों में विरोधाभास दिखाता है। कांग्रेस का कहना है कि यह कदम राजनीतिक लाभ लेने के उद्देश्य से उठाया जा रहा है। पार्टी ने आरोप लगाया कि सरकार विदेशी नीति की चुनौतियों और देश में बढ़ते ऊर्जा संकट जैसे मुद्दों से ध्यान हटाने के लिए इस फैसले को आगे बढ़ा रही है। साथ ही, प्रस्तावित विशेष सत्र और जल्दबाजी में कानून में संशोधन को लेकर भी सवाल खड़े किए गए

विपक्षी दलों ने इस मुद्दे पर सर्वदलीय बैठक बुलाने की मांग की है, ताकि प्रस्तावित बदलावों पर व्यापक चर्चा हो सके। कांग्रेस ने यह भी कहा कि बिना जनगणना और परिसीमन के आरक्षण लागू करना संवैधानिक प्रक्रिया पर सवाल खड़ा करता है और ऐसे बड़े फैसले बिना आम सहमति के नहीं लिए जाने चाहिए।

## मोदी के 77 दौरों से बदला पूर्वोत्तर, असम बना विकास का इंजन: भाजपा दावा

Baijayant Panda ने कहा कि Narendra Modi के 77 दौरों ने पूर्वोत्तर, खासकर Assam की तस्वीर बदल दी है। उनके मुताबिक, पहले उग्रवाद और अस्थिरता से जूझ रहा असम अब शांति और विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। पांडा ने बताया कि बोडो समझौते और हजारों उग्रवादियों के आत्मसमर्पण से राज्य में हालात बेहतर हुए हैं। अफस्पा में ढील और बेहतर सुरक्षा माहौल के कारण अब निवेश बढ़ा है और राज्य की अर्थव्यवस्था भी मजबूत हो रही है। घुसपैठ और अतिक्रमण के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि यह 70 साल पुरी समस्या है, जिस पर अब सख्ती से कार्रवाई हो रही है। सरकार ने हजारों एकड़ जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया है और बॉर्डर फेंसिंग का काम भी तेजी से पूरा किया जा रहा है। वहीं, कांग्रेस पर निशाना साधते हुए पांडा ने कहा कि विपक्षी नेता केवल "पॉलिटिकल टूरिज्म" के लिए असम आते हैं, जबकि भाजपा जमीनी स्तर पर काम कर रही है। उन्होंने भरोसा जताया कि राज्य की जनता विकास के मुद्दे पर भाजपा का समर्थन जारी रखेगी।



## Weather Update

### उत्तर से पूर्वोत्तर भारत तक तेजी से बदलेगा मौसम, कहीं बारिश-आंधी तो कहीं गर्मी बढ़ने के आसार



देश में मार्च के आखिरी हफ्ते में मौसम तेजी से बदलने वाला है। India Meteorological Department के मुताबिक, 26 और 28 मार्च को सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के कारण उत्तर भारत से लेकर पूर्वोत्तर तक बारिश, आंधी और तेज हवाओं का असर देखने को मिलेगा। कई इलाकों में ओलावृष्टि और बिजली गिरने का खतरा भी जताया गया है। 26 मार्च को Punjab, Haryana, Delhi और चंडीगढ़ में गरज-चमक के साथ हल्की बारिश और तेज हवाएं चल सकती हैं। वहीं 28 मार्च को Rajasthan में भी ऐसा ही मौसम रहने के आसार हैं। पूर्वोत्तर में Assam और Meghalaya में भारी बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। दूसरी ओर, देश के कई हिस्सों में गर्मी भी बढ़ रही है और तापमान 36 से 40 डिग्री तक पहुंचने लगा है। बदलते मौसम के कारण फसलों, बिजली सेवाओं और यातायात पर असर पड़ने की आशंका है, इसलिए लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

## Ajit Pawar Plane Crash

### अजित पवार का प्लेन क्रैश एक सोची-समझी साजिश, जीरो एफआईआर में दावा!



Ajit Pawar से जुड़े कथित प्लेन क्रैश मामले को लेकर सियासी बयानबाजी तेज हो गई है। एनसीपी नेता Rohit Pawar ने इसे सोची-समझी साजिश बताते हुए जीरो एफआईआर दर्ज कराने का दावा किया है और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह जीरो एफआईआर कर्नाटक में दर्ज कराई गई है, जिसे बाद में संबंधित एजेंसियों तक भेजा गया। हालांकि, अब तक किसी भी सरकारी एजेंसी या आधिकारिक स्रोत ने इस कथित प्लेन क्रैश या साजिश की पुष्टि नहीं की है, जिससे मामला अभी संदेह के दायरे में बना हुआ है। विशेषज्ञों के अनुसार, इस तरह के मामलों में Directorate General of Civil Aviation (DGCA) समेत अन्य एजेंसियां तकनीकी और सुरक्षा पहलुओं की गहन जांच करती हैं। जब तक कोई आधिकारिक रिपोर्ट सामने नहीं आती, तब तक साजिश से जुड़े दावों को सावधानी के साथ देखने की जरूरत है।

# Aaj Ka Rashifal 25 March

## इन चार राशि वालों को नौकरी-व्यापार में मिल सकती है अच्छी सूचना



Aaj Ka Rashifal 25 March: 25 मार्च बुधवार को चैत्र नवरात्रि की सप्तमी तिथि है। इस दिन चंद्रमा का गोचर मिथुन राशि और मृगशीर्षा नक्षत्र में होगा। इस दिन कई तरह के शुभ योगों का निर्माण होगा जिससे कुछ राशि वालों के लिए दिन बहुत ही शुभ और शानदार साबित होगा। आय में इजाफे के योग हैं और अधूरे काम हों सकते हैं पूरे। लेकिन वहीं कुछ राशि वालों के खर्चों में इजाफा हो सकता है। आइए जानते हैं मेष से लेकर मीन राशि वालों के लिए 25 मार्च का दिन



### मेष

आज का दिन आपके लिए खास तौर पर किसी कानूनी मामले में राहत और सफलता के संकेत दे रहा है। कार्यक्षेत्र में भी आपके बॉस के साथ तालमेल अच्छा रहेगा, जिससे आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। विद्यार्थियों के लिए उच्च शिक्षा के रास्ते खुल सकते हैं और उन्हें आगे बढ़ने के नए अवसर मिलेंगे। हालांकि आज आपको दूसरों के मामलों में अनावश्यक दखल देने से बचना होगा। यदि आप किसी वाहन की खरीदारी करने का विचार कर रहे हैं, तो पूरी सावधानी और सोच-समझकर ही फैसला लें। परिवार में किसी सदस्य की सेहत को लेकर थोड़ी चिंता हो सकती है। ऑफिस में मनपसंद काम मिलने से आपका दिन काफी सुखद बीतेगा।



### वृषभ

आज का दिन व्यापार से जुड़े लोगों के लिए काफी अच्छा साबित हो सकता है। आपकी मेहनत रंग लाएगी और आप अपनी पुरानी गलतियों से सीख लेकर आगे बढ़ेंगे। हालांकि संतान की संगति को लेकर मन में चिंता रह सकती है, इसलिए उन पर थोड़ा अधिक ध्यान देने की जरूरत है। अपनी सेहत को नजरअंदाज करना आपके लिए ठीक नहीं होगा, क्योंकि छोटी समस्या भी बड़ी बन सकती है। आज आप घूमने-फिरने या छोटी यात्रा की योजना भी बना सकते हैं, जिससे मन हल्का महसूस होगा।



### मिथुन

आज का दिन आपके लिए सामान्य लेकिन संतुलित रहने वाला है। आप अपनी माताजी को ननिहाल पक्ष के लोगों से मिलने के लिए लेकर जा सकते हैं, जिससे रिश्तों में मिठास बढ़ेगी। जीवन में भौतिक सुख-सुविधाओं के साधनों में भी वृद्धि के संकेत हैं। व्यापार में आप कुछ नए बदलाव करने की कोशिश करेंगे और ये बदलाव भविष्य में आपके लिए लाभदायक साबित हो सकते हैं। हालांकि जीवनसाथी से कोई बात छुपाने की कोशिश की थी, तो आज उसके सामने आने की संभावना बन सकती है।



### कर्क

आज का दिन आपके लिए उत्तम फल देने वाला रहेगा। व्यापार में यदि आप पार्टनरशिप में काम कर रहे हैं, तो उसमें अच्छा तालमेल देखने को मिलेगा। परिवार में किसी सदस्य के विवाह में जो बाधा आ रही थी, वह भी अब दूर हो सकती है। रोजगार की तलाश कर रहे लोगों को कोई अच्छी खबर मिल सकती है। आपको अपने पिताजी से किसी जरूरी विषय पर खुलकर बातचीत करनी पड़ सकती है। साथ ही आप परिवार के साथ कहीं घूमने-फिरने की योजना भी बना सकते हैं।



### सिंह

आज का दिन आपके लिए मिला-जुला परिणाम देने वाला रहेगा। अपनी जिम्मेदारियों को लेकर आपको थोड़ा सतर्क रहना होगा। रिश्तों में सामंजस्य बना रहेगा और व्यापार में भी आप योजनाबद्ध तरीके से आगे बढ़ेंगे। हालांकि किसी बात को लेकर मन थोड़ा परेशान रह सकता है। आज आपको किसी जरूरी जानकारी को दूसरों के साथ साझा करने से बचना चाहिए। कुछ पुराने कर्ज भी आपको परेशान कर सकते हैं, लेकिन आप उन्हें चुकाने की दिशा में गंभीर प्रयास करेंगे।



### कन्या

आज आपके चारों ओर का माहौल काफी खुशनुमा रहेगा। संतान के साथ आपका तालमेल बहुत अच्छा रहेगा और आप उनके लिए कोई सरप्राइज गिफ्ट भी ला सकते हैं। परिवार के किसी पुराने मामले को मिल-बैठकर सुलझाना बेहतर रहेगा, जिसमें घर के वरिष्ठ सदस्यों की सलाह काम आएगी। यदि आप किसी काम के लिए लोन लेने का प्रयास कर रहे थे, तो उसके मिलने की संभावना भी आज मजबूत बन रही है।



### तुला

आज का दिन लंबे समय से रुके हुए कार्यों को पूरा करने का अवसर लेकर आएगा। आपका कोई करीबी आपसे मिलने आ सकता है, जिससे पुरानी यादें ताजा होंगी। ऑफिस में सहयोगियों का पूरा साथ मिलेगा और काम आसानी से पूरे होंगे। मन की कोई बड़ी इच्छा पूरी होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। परिवार से जुड़ी किसी निजी बात को घर की सीमा में ही रखना बेहतर होगा। विद्यार्थियों को पढ़ाई में लापरवाही से बचना चाहिए, वरना आगे चलकर परेशानी हो सकती है।



### वृश्चिक

आज का दिन आपके लिए मिला-जुला परिणाम देने वाला रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपके अनुभव का पूरा लाभ मिलेगा और कुछ नया करने की आपकी कोशिशें सफल हो सकती हैं। संतान की ओर से कोई खुशखबरी मिलने के संकेत हैं। आप अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाने के लिए नए प्रयास करेंगे। नया वाहन खरीदने का विचार भी मन में आ सकता है। यदि आपने कोई लोन लिया हुआ है तो उसे चुकाने की दिशा में भी प्रयास करेंगे।



### धनु

आज का दिन आपकी जरूरतों को पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ने वाला रहेगा। आपको अपने खर्चों का सही हिसाब रखना होगा, तभी आर्थिक संतुलन बना रहेगा। संतान की प्रगति देखकर आपका मन बेहद खुश होगा। हालांकि अपने मनमौजी स्वभाव के कारण आप कामों में थोड़ी गड़बड़ी कर सकते हैं, इसलिए सावधानी रखें। किसी नई योजना में निवेश करना आपके लिए लाभदायक साबित हो सकता है। मकान या दुकान खरीदने का विचार भी आपके मन में आ सकता है।



### मकर

आज का दिन विद्यार्थियों के लिए बहुत अच्छा रहने वाला है। उन्हें मनचाहे कोर्स में दाखिला मिल सकता है और शिक्षकों का पूरा सहयोग भी प्राप्त होगा। राजनीति या सामाजिक क्षेत्र में काम कर रहे लोगों को अपने कार्यों से नई पहचान मिल सकती है। आपके रहन-सहन के स्तर में भी सुधार देखने को मिलेगा। हालांकि किसी विरोधी से लेन-देन करने से बचें और अनजान लोगों से दूरी बनाए रखें, क्योंकि वे आपको धोखा देने की कोशिश कर सकते हैं।



### कुंभ

आज आपकी कुछ खास और प्रभावशाली लोगों से मुलाकात हो सकती है, जो भविष्य में आपके लिए लाभदायक साबित होगी। नौकरी में प्रमोशन या नई जिम्मेदारी मिलने के भी संकेत हैं। लंबे समय बाद किसी पुराने मित्र से मिलकर आपका मन प्रसन्न होगा। माताजी की सेहत को लेकर थोड़ा ध्यान रखने की जरूरत है। किसी भी तरह के वाद-विवाद से दूर रहना आपके लिए बेहतर रहेगा। आज आप अच्छे खान-पान का आनंद भी ले सकते हैं, जिससे शरीर में ऊर्जा महसूस होगी।



### मीन

आज आर्थिक मामलों में थोड़ा सावधान रहने की जरूरत है, क्योंकि खर्च बढ़ने से मन में चिंता बढ़ सकती है। बेवजह के खर्चों से बचना ही आपके लिए बेहतर रहेगा। परिवार में किसी बात को लेकर मतभेद की स्थिति भी बन सकती है, इसलिए धैर्य और समझदारी से काम लें। काम से जुड़े नए-नए विचार आपके मन में आएंगे, जो भविष्य में आपको आगे बढ़ाने में मदद करेंगे। सरकारी योजनाओं से भी आपको लाभ मिलने के संकेत हैं। सबसे जरूरी बात यह है कि अपनी मेहनत और प्रयासों से पीछे न हटें।

## छतरपुर इलाके में गोदाम में लगी भीषण आग



दिल्ली के छतरपुर इलाके के बांस गांव में आज सुबह एक टेंट हाउस के गोदाम में भीषण आग लग गई। आग इतनी भयंकर थी कि उस पर काबू पाने के लिए फायर ब्रिगेड की 11 गाड़ियां मौके पर मौजूद हैं। सुबह 6:35 बजे आग लगने की सूचना फायर विभाग को मिली थी, जिसके तुरंत बाद दमकल की गाड़ियां घटनास्थल के लिए रवाना हो गईं।फिलहाल, आग पर पूरी तरह से काबू नहीं पाया जा सका है। आग की लपटें और धुआं दूर से ही देखे जा सकते हैं, जिससे आसपास के इलाकों में दहशत का माहौल है। फायर ब्रिगेड की टीमें लगातार आग बुझाने के लिए मशक्कत कर रही हैं। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है।

## दिल्ली में भीषण सड़क हादसा





राजधानी दिल्ली के करोल बाग इलाके में पास बुधवार को एक बड़ा हादसा हो गया। झंडेवालान मंदिर के पास देर रात एक बस अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में 23 यात्री घायल हुए, दो यात्रियों की मौत हो गई है।राजधानी दिल्ली के करोल बाग इलाके में देर रात एक दर्दनाक हादसा हुआ। झंडेवालान मंदिर के पास एक डबल डेकर बस अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे 23 यात्री घायल हुए, दो घायलों की मौत हो गई। घायलों को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। हादसे के समय इस बस में 30 यात्री सवार थे।जानकारी के अनुसार, यह भीषण दुर्घटना करोल बाग के हनुमान मंदिर चौक के पास हुई। देर रात दमकल विभाग को बस पलटने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही दिल्ली पुलिस और दमकल विभाग की टीमें तुरंत मौके पर रवाना हो गईं। राहत और बचाव कार्य शुरू किया गया।दमकल विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि बुधवार को दिल्ली के करोल बाग इलाके के पास एक स्लीपर बस पलट गई। होदसे में 23 लोगों घायल हुए, इनमें से दो लोगों की जान चल गई। अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना के संबंध में सुबह 1.10 बजे एक कॉल मिली, जिसके बाद दमकल के दो वाहनों को तुरंत घटनास्थल पर भेजा गया और बचाव अभियान तत्काल शुरू कर दिया गया। घायलों को इलाज के लिए अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया। अधिकारी ने बताया कि बस जयपुर से दिल्ली पहुंची थी।पुलिस के मुताबिक, 23 घायलों को विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया। इनमें से 12 को आरएमएल अस्पताल ले जाया गया, जहां दो लोगों ने दम तोड़ दिया। 10 घायलों को गंगा राम अस्पताल और एक को लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया।मृतकों में से एक की पहचान शहबाज आलम (30 वर्ष) के रूप में हुई है, जो ग्राम धामपुर जिला बिजनौर (यूपी) के निवासी थे। दूसरे मृतक की पहचान अभी नहीं हो पाई है, जिनकी उम्र लगभग 25-26 वर्ष बताई जा रही है। उनकी पहचान के प्रयास जारी हैं।



# केडी द डेविल' के निर्देशक ने खोले राज



फिल्म 'केडी द डेविल' के गाने 'सरके चुनर' को लेकर काफी विवाद हो गया है। गाने के बोलों की वजह से लोगों की तीखी प्रतिक्रियाएं आईं और अभिनेत्री नोरा फतेही के खिलाफ कथित फतवे तक की बातें सामने आईं। अब 'केडी द डेविल' के निर्देशक प्रेम ने इस विवाद पर अपनी राय पेश की है।कई लोग कह रहे हैं कि यह विवाद फिल्म को प्रमोट करने के लिए जानबूझकर रचाया गया है, लेकिन फिल्म के निर्देशक प्रेम ने इस बात से साफ इनकार किया है। हिंदुस्तान टाइम्स की एक खबर के अनुसार, 'केडी द डेविल' के निर्देशक प्रेम ने कहा, 'मैं कोई विवाद नहीं चाहता। मेरी फिल्म भावनात्मक कहानी पर बनी है। यह गाना सिर्फ पार्टियों में नाचने के लिए बनाया गया था। कर्नाटक और केरल में तो लोगों को यह गाना बहुत पसंद आया है। मैं विवाद क्यों खड़ा करूंगा?'निर्देशक प्रेम का कहना है कि मूल गीत उन्होंने कन्नड़ भाषा में लिखा था। हिंदी अनुवाद गीतकार रकीब आलम ने किया था। उन्होंने स्वीकार किया कि विवादित शब्दों की उन्हें जानकारी नहीं थी क्योंकि वह हिंदी में ज्यादा अच्छे नहीं हैं। प्रेम ने कहा, 'मैं एक गांव से हूं', जहां गाने में जो भाषा इस्तेमाल हुई है, वह गांव में बातचीत में इस्तेमाल होती है। फिल्म निर्माताओं ने बताया कि विवादित लाइनों को बदल दिया गया है

# एक्शन-कॉमेडी फिल्में करना चाहती हैं शालिनी पांडे



'धुरंधर' को अपनी मौजूदा पसंदीदा फिल्म बताते हुए शालिनी ने इन दो कलाकारों को अपना फेवरेट बताया और काम करने की इच्छा जताई। एक्ट्रेस ने अपनी महत्वाकांक्षाओं को लेकर भी बात की।इंडिया टुडे से बातचीत में शालिनी पांडे ने कहा कि मैं इतनी महत्वाकांक्षी हूं कि मुझे लगता है कि मैं बहुत कुछ करना चाहती हूं। मैंने जीवन भर खेल खेले हैं और मुझे खेल बहुत पसंद हैं, इसलिए मुझे लगता है कि मैं एक एक्शन फिल्म में काम करना चाहूंगी। मुझे एक्शन पसंद है। मुझे इसका रोमांच बहुत अच्छा लगता है। इसलिए एक्शन ही वह चीज है जो मैं करना चाहती हूं। अभिनेत्री ने आगे कॉमेडी जॉनर को लेकर कहा कि कॉमेडी एक ऐसा क्षेत्र है, जिसे मैं पूरी तरह से एक्सप्लोर करना चाहती हूं क्योंकि एक दर्शक के रूप में मुझे ये चीजें पसंद आती हैं। मुझे लगता है कि एक्शन और कॉमेडी दोनों ही तरह के रोल मुझे पसंद हैं।मैं ऐसे लोगों के साथ काम करना चाहती हूं जो एक एक्टर के रूप में मुझे प्रेरित करें, जो मुझे मेरे कंफर्ट जोन से बाहर निकलने के लिए प्रेरित करें। ऐसा नहीं है कि मैं जहां भी हूं वहां बहुत सहज होने की कोशिश नहीं करती, लेकिन एक एक्टर के रूप में मैं खुद को आगे बढ़ाना चाहती हूं।

# दो शादी करने वाला यूट्यूबर पांचवीं बार बना पिता



यूट्यूबर पर अरमान मलिक एक लाइफस्टाइल व्लॉगर के तौर पर मशहूर हैं। वह अपने परिवार को लेकर लाइफस्टाइल व्लॉग बनाते हैं और करोड़ों रुपये छापते हैं। यह यूट्यूबर अपने दो शादियों के कारण ही सबसे पहले चर्चा में आया था। जानिए, अरमान मलिक की जिंदगी से जुड़ी कुछ अनसुनी बातें।अरमान मलिक पहले टिक टॉक पर कंटेंट बनाते थे। कई बार इसमें उनकी पत्नी पायल भी नजर आती थी। दोनों ने साल 2011 में शादी की थी। लेकिन आगे चलकर पायल की दोस्त कृतिका के साथ ही अरमान ने साल 2018 में शादी कर ली। पहले पायल, अरमान से दूर रही लेकिन बाद में वह कृतिका और अरमान के साथ एक परिवार की तरह रहने लगी। सभी मिलकर यूट्यूब, इंस्टाग्राम पर कंटेंट बनाने लगे। हाल ही में अरमान की पहली पत्नी पायल ने एक बच्चे को जन्म दिया है। वह चौथी बार मां बनी है, पायल और अरमान केसाथ में तीन बच्चे पहले से थे। वहीं अरमान और कृतिका मलिक का साथ में एक बेटा है। अरमान अब पांच बच्चों के पिता बन चुके हैं। अरमान मलिक का इनकम सोर्स सोशल मीडिया है। यूट्यूब पर उनके 8 मिलियन से अधिक सब्सक्राइबर हैं। वहीं इंस्टाग्राम पर उनके 4 मिलियन से अधिक फॉलोअर्स हैं। दोनों पत्नियां पायल और कृतिका भी सोशल मीडिया पर एक्टिव हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार नेटवर्थ लगभग 200 करोड़ रुपये है। तीनों ही बिग बॉस 3 ओटीटी वर्जन में भी नजर आ चुके हैं।


# क्या अक्षय कुमार ने किया राजपाल यादव का अपमान



राजपाल यादव और अक्षय कुमार इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'भूत बंगला' को लेकर चर्चाओं में हैं। फिल्म की कास्ट प्रमोशन में व्यस्त है। इस दौरान बीते दिनों एक वीडियो सामने आया, जिसमें अक्षय कुमार राजपाल यादव को साइड में करते नजर आ रहे हैं। इस वीडियो के सामने आने के बाद अक्षय नेटिजेंस के निशाने पर आ गए थे। अब इस कंट्रोवर्सी पर खुद राजपाल यादव का रिएक्शन सामने आया है। वायरल हुआ वीडियो फिल्म के प्रमोशन के दौरान का था। जहां 'भूत बंगला' की टीम टीवी सीरियल 'नागिन' के सेट पर पहुंची थी। वीडियो में अक्षय कुमार, प्रियंका चाहर चौधरी, एकता कपूर और कनिका मान साथ पोज देते हुए नजर आ रहे हैं।इसी दौरान दिखता है कि जब वीडियो में अक्षय कुमार राजपाल यादव को साइड में खड़े होने के लिए कहते हैं। जिसे कई नेटिजन्स ने अपमान के तौर पर लिया और अक्षय पर निशाना साधने लगे। हालांकि, राजपाल ने इन दावों को खारिज करते हुए घटना के पीछे का कारण बताया। अब राजपाल यादव ने एएनआई से बात करते हुए मामले के पीछे की सच्चाई बताई है। उन्होंने कहा कि उस दिन के विवाद की बात करें तो अक्षय और एकता दोनों बाकी दो लड़कियों के साथ आए थे। मुझे देर हो गई थी और वे मेरा इंतजार कर रही थीं। जैसे ही मैं दौड़ता हुआ आया, मैं लड़कियों के बीच में आ गया। अक्षय पाजी मुझसे कह रहे थे कि हम महिलाओं को बीच में रखेंगे, मैं एक तरफ खड़ा होऊंगा और वह दूसरी तरफ। अक्षय की ग्रुप फोटो में महिलाओं को प्राथमिकता देने की पुरानी आदत के कारण उन्होंने ऐसा किया। हम एक-दूसरे के अभिनय को जानते हैं और हम एक-दूसरे का बहुत सम्मान करते हैं।

# देश से माफी मांगता हूं', पाकिस्तानी अभिनेता अली जफर ने किस लिए मानी गलती





पाकिस्तानी अभिनेता और सिंगर अली जफर ईद पर पहने अपने कपड़ों को लेकर कुछ लोगों के निशाने पर आ गए थे। अब इस मामले पर अली जफर ने इस मामले को लेकर एक पोस्ट किया है और माफी मांगी है। हालांकि, अली ने इस पोस्ट में व्यंग्यात्मक तरीके से लोगों को जवाब भी दिया है।अली जफर ने ईद पर सी ग्रीन कलर का कुर्ता पहना था। लेकिन इस कुर्ते के नीचे उन्होंने इनर वियर नहीं पहना था। इसी को लेकर अली को लोगों ने ट्रोल करना शुरू कर दिया था। अब अली ने ट्रोलिंग पर जवाब दिया है। अली जफर ने एक्स पर एक व्यंग्यात्मक पोस्ट साझा किया है।इस पोस्ट में उन्होंने लिखा, 'मैं ईद के दिन बिना बनियान के कुर्ता पहनने और पारंपरिक अजरक धोती पहने हुए पौधों को पानी देने जैसे बेहद गंभीर कार्य करने के लिए देश से माफी मांगना चाहता हूं।हालांकि, भारत में अली जफर का इंस्टाग्राम अकाउंट बैन है और एक्स भी शो नहीं होता है। लेकिन उनके एक्स अकाउंट पर इस पोस्ट का स्क्रीनशॉट सोशल मीडिया तेजी से वायरल हो रहा है। जिसमें उनकी ये तंज भरी माफी नजर आ रही है।हालांकि, भारत में अली जफर का इंस्टाग्राम अकाउंट बैन है और एक्स भी शो नहीं होता है।

# RBI Report:

## बेरोजगारी दर घटी, पर किचन का बजट बढ़ा रही महंगाई; आरबीआई की रिपोर्ट में दावा



आरबीआई ने आगाह किया है कि कच्चे तेल पर भारत की भारी निर्भरता को देखते हुए वर्तमान वैश्विक संकट पर करीबी निगरानी जरूरी है। भारत ने आयात स्रोतों में विविधता लाकर और घरेलू रिफाइनिंग क्षमता बढ़ाकर जोखिम कम करने की कोशिश की है। वैश्विक स्तर पर गहराते भू-राजनीतिक तनाव का असर भारतीय अर्थव्यवस्था पर दिखने लगा है। विदेशी मुद्रा और व्यापार घाटे के बढ़ते दबाव के बावजूद भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) का मानना है कि अर्थव्यवस्था में बाहरी झटकों को सहन करने की मजबूत क्षमता है। ताजा रिपोर्ट के अनुसार, प्रतिकूल वैश्विक परिस्थितियों के बाद भी देश में बेरोजगारी दर में मामूली कमी आई है। विशेष रूप से बीमा, बीपीओ, आईटीईएस और रियल एस्टेट जैसे क्षेत्रों में नौकरियों के नए अवसर पैदा हुए हैं। हालांकि खाद्य वस्तुओं की बढ़ती कीमतों ने आम आदमी की जेब पर बोझ बढ़ा दिया है।




# Open AI Jobs

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस क्षेत्र का स्टार्टअप ओपनएआई एक बड़ी विस्तार योजना पर काम कर रहा है। यह योजना कंपनी के कार्यबल को बढ़ाने से संबंधित है। ओपनएआई 2026 के अंत तक अपने कर्मचारियों की संख्या लगभग दोगुनी करेगा। वर्तमान में इस कंपनी में करीब 4,500 कर्मचारी कार्यरत हैं। इस योजना के तहत कर्मचारियों की कुल संख्या बढ़कर 8,000 हो जाएगी। फाइनेंशियल टाइम्स के हवाले से यह जानकारी सामने आई है। रिपोर्ट में इस पूरे मामले की जानकारी रखने वाले दो व्यक्तियों का हवाला दिया गया है। यह रिपोर्ट ओपनएआई के आगामी संगठनात्मक विस्तार की जानकारी देती है।

# इनसाइडर ट्रेडिंग के संकेत

## Oil Market: ट्रंप की ईरान पर हमले टालने के एलान से ठीक पहले तेल बाजार में सट्टेबाजी; इनसाइडर ट्रेडिंग के संकेत




ट्रंप के ईरान पर हमले टालने के एलान से ठीक पहले तेल बाजार में असामान्य सट्टेबाजी देखी गई। कुछ ही मिनटों में करोड़ों डॉलर के सौदे हुए, जिससे इनसाइडर ट्रेडिंग की आशंका गहराई और जांच की मांग तेज हो गई।अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ईरान पर संभावित हमले टालने की घोषणा से ठीक पहले तेल बाजार में असामान्य सट्टेबाजी का मामला सामने आया है। बीबीसी द्वारा समीक्षा किए गए डाटा से पता चलता है कि घोषणा से करीब 15 मिनट पहले अचानक भारी मात्रा में ट्रेडिंग हुई, जिससे तेल की कीमतों में आई तेज गिरावट का कुछ ट्रेडर्स ने बड़ा फायदा उठाया। इस घटनाक्रम ने इनसाइडर जानकारी के दुरुपयोग की आशंकाओं को जन्म दे दिया है।सुबह 06:49 ईटी पर न्यूयॉर्क मर्केंटाइल एक्सचेंज (एनवाईमेक्स) पर डब्ल्यूटीआई क्रूड के 733 कॉन्ट्रैक्ट्स पर दांव लगाए गए थे, जो महज एक मिनट में बढ़कर 2007 हो गए। यह करीब 170 मिलियन डॉलर यानी 1,400 करोड़ रुपये के सौदों के बराबर था।इसी तरह ब्रेंट क्रूड के कॉन्ट्रैक्ट्स में भी एक मिनट के भीतर 20 से बढ़कर 1600 से ज्यादा ट्रेड दर्ज किए गए, जिनकी कीमत 150 मिलियन डॉलर यानी 1245 करोड़ आंकी गई। सामान्यतः सोमवार सुबह इस समय इतनी बड़ी ट्रेडिंग नहीं होती

# Gold-Silver Price

## सर्राफा बाजार में दिखी गिरावट; चांदी करीब ₹9050 तक टूटी, सोना ₹2360 सस्ता



पश्चिम एशिया में जारी तनाव से सोने-चांदी की कीमतों में गिरावट देखने को मिला। चांदी 9050 रुपये सस्ती हुई, वहीं सोना 1.37 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंचा। पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच मंगलवार को बुलियन पर सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट देखने को मिली। चांदी की कीमत 9050 रुपये गिरकर 2.16 लाख रुपये प्रति किलो पर पहुंच गई। वहीं सोने का भाव 2360 रुपये गिरकर 1.37 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया।वहीं सोमवार को कॉमेक्स पर सोने की कीमत करीब 3% गिरकर 4,462 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई। यही नहीं, साल 1983 के बाद यह सोने का सबसे खराब साप्ताहिक प्रदर्शन रहा, जिसमें लगभग 11% की गिरावट दर्ज की गई है। चांदी की कीमतों में भी कमजोरी देखने को मिली। एशियाई कारोबार के दौरान कॉमेक्स पर चांदी करीब 3% टूटकर 67.5 डॉलर प्रति औंस पर आ गई।ईरान से जुड़े संघर्ष के चौथे सप्ताह में प्रवेश करते ही कीमती धातुओं पर दबाव और बढ़ गया है। 28 फरवरी से तनाव बढ़ने के बाद स्पॉट गोल्ड अब तक करीब 15% गिर चुका है और जनवरी में बने अपने रिकॉर्ड स्तर से लगभग 22% नीचे आ गया है।विशेषज्ञों का कहना है कि आमतौर पर सोना महंगाई के खिलाफ एक सुरक्षित निवेश माना जाता है, लेकिन इस बार बढ़ती ब्याज दरों की आशंका इसके लिए नकारात्मक साबित हो रही है। ऊंची ऊर्जा कीमतों के चलते महंगाई बढ़ने की संभावना है, जिससे केंद्रीय बैंक ब्याज दरों को लंबे समय तक ऊंचा रख सकते हैं। चूंकि सोना कोई ब्याज नहीं देता, इसलिए निवेशक इससे दूरी बना रहे हैं।विश्लेषकों के मुताबिक, निकट भविष्य में सोने की कीमतों में तेज उतार-चढ़ाव जारी रह सकता है, क्योंकि निवेशक जोखिम कम करने की रणनीति अपना रहे हैं। ईरान से जुड़े भू-राजनीतिक तनाव ने महंगाई की चिंताओं को बढ़ाया है,

# Biz Updates:

## धन शोधन मामले में कारोबारी अमित थेपड़े को झटका, कोर्ट ने कहा- आर्थिक अपराध देश के लिए बड़ा खतरा




मुंबई की विशेष अदालत ने ₹117 करोड़ के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पुणे के कारोबारी अमित थेपड़े को जमानत देने से इनकार कर दिया है। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि आर्थिक अपराध देश की वित्तीय सेहत के लिए गंभीर खतरा हैं। विशेष पीएमएलए कोर्ट के जज आरबी रोटे ने 20 मार्च को सुनवाई के दौरान कहा कि आरोपी के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों को लेकर पर्याप्त सामग्री मौजूद है। अदालत ने यह भी माना कि प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (PMLA) के तहत दर्ज बयानों से अभियोजन का मामला मजबूत बनता है। करीब सात महीने पहले गिरफ्तार किए गए अमित थेपड़े को मामले में राहत नहीं मिली। कोर्ट ने कहा कि उपलब्ध साक्ष्य आरोपी को सीधे तौर पर अपराध से जोड़ते हैं, ऐसे में जमानत देना उचित नहीं होगा। अदालत की टिप्पणी में यह भी स्पष्ट किया गया है कि इस तरह के आर्थिक अपराध न सिर्फ कानून व्यवस्था बल्कि देश की आर्थिक स्थिरता के लिए भी बड़ा खतरा पैदा करते हैं

## कौन हैं आर्यमान बिड़ला?: मध्य प्रदेश के पूर्व क्रिकेटर अब बनेंगे RCB अध्यक्ष! संपत्ति कोहली से 70 गुना अधिक



आर्यमान बिड़ला एक पूर्व क्रिकेटर से बिजनेस लीडर बने हैं, जो अब आरसीबी के चेयरमैन के रूप में नई भूमिका निभाने वाले हैं। क्रिकेट अनुभव और कॉर्पोरेट ताकत का यह मिश्रण फ्रेंचाइजी के भविष्य को नई दिशा दे सकता है। आर्यमान मध्य प्रदेश से क्रिकेट खेल चुके हैं। आईपीएल में वह आरआर फ्रेंचाइजी का हिस्सा भी रहे। अब वह एक टीम के मालिक बन चुके हैं। आदित्य बिड़ला ग्रुप के नेतृत्व वाले एक कंसोर्टियम ने मंगलवार को आईपीएल की फ्रेंचाइजी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) को 1.78 बिलियन डॉलर (16,000 करोड़ रुपये से अधिक) में खरीद लिया। इस कंसोर्टियम में टाइम्स ऑफ इंडिया ग्रुप, डेविड ब्लिट्जर की बोल्ट वेंचर्स और अमेरिका स्थित ब्लैकस्टोन भी शामिल हैं। कंसोर्टियम दो या इससे ज्यादा लोगों, कंपनियों या संगठनों का एक अस्थाई गठबंधन या साझेदारी होता है। इसका लक्ष्य किसी चीज को एकसाथ हासिल करने या संसाधनों को एक साथ लाने का होता है। इसमें शामिल सभी सदस्य अपनी अलग कानूनी पहचान बनाए रखते हैं, लेकिन किसी खास प्रोजेक्ट के लिए साथ मिलकर काम करते हैं। आईपीएल में इस कंसोर्टियम की यह डील यूनाइटेड स्पिरिट्स लिमिटेड(USL) के साथ हुई, जो यूके की डियाजियो की सहायक कंपनी है। डियाजियो के पास ही आरसीबी का मौजूदा मालिकाना हक है। हालांकि, अब नए करार के तहत आरसीबी की पुरुष और महिला (WPL) दोनों टीमों की 100 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदी गई है। आरसीबी को खरीदने के बाद आर्यमान बिड़ला फ्रेंचाइजी के नए चेयरमैन बन सकते हैं। खास बात तो यह है कि आर्यमान आरसीबी के कई क्रिकेटरों के साथ ड्रेसिंग रूम साझा कर चुके हैं।

## IPL 2026: राजस्थान रॉयल्स के बाद बिकी आरसीबी फ्रेंचाइजी 16706 करोड़ रुपये में हुआ सौदा जानें नया मालिक कौन



आईपीएल 2026 से पहले ही दो फ्रेंचाइजी को नया मालिक मिलने जा रहा है। पहले काल सोमानी ने राजस्थान रॉयल्स को खरीदने पर सहमति जताई थी। अब यूनाइटेड स्प्रिट्स लिमिटेड ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को बेचने का एलान किया है। आईपीएल 2026 सीजन से पहले यूनाइटेड स्प्रिट्स लिमिटेड (यूएसएल) ने मंगलवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) फ्रेंचाइजी बेचने का एलान कर दिया है। यूएसएल ने आरसीबी को आदित्य बिरला ग्रुप, द टाइम्स ऑफ इंडिया ग्रुप, बोल्ट वेंचर्स और ब्लैकस्टोन के एक गठजोड़ को 1.78 अरब डॉलर (करीब 16706 करोड़ रुपये) के नकद सौदे में बेच दिया है। गत चैंपियन आईपीएल टीम का स्वामित्व अब इस समूह के पास होगा। एक ही दिन में दो आईपीएल फ्रेंचाइजी को नया मालिक मिला है। इससे पहले, काल सोमानी ने राजस्थान रॉयल्स फ्रेंचाइजी को 1.63 बिलियन अमेरिकी डॉलर (यानी करीब 15290 करोड़ रुपये) में खरीदा था। **फ्रेंचाइजी में होगी 100 प्रतिशत हिस्सेदारी** समाचार एजेंसी पीटीआई के अनुसार, इस समूह ने यूएसएल के साथ फ्रेंचाइजी में 100 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने का समझौता कर लिया है। इस सौदे में आरसीबी की पुरुष और महिला दोनों टीमों को शामिल किया गया है। यूएसएल, ब्रिटेन की डियाजियो की सहायक कंपनी है और वह अब आरसीबी से बाहर निकलना चाहती है क्योंकि यह टीम उनके मुख्य व्यवसाय का हिस्सा नहीं थी। समझौते के तहत एबीजी के निदेशक आर्यमान विक्रम बिड़ला को आरसीबी का चेयरमैन (प्रमुख) बनाया जाएगा,

## दिल्ली कैपिटल्स को लगा झटका: बेन डकेट ने आईपीएल से नाम लिया वापस जानें क्यों लग सकता है दो साल का प्रतिबंध?



आईपीएल 2026 का सीजन अभी शुरू भी नहीं हुआ है और फ्रेंचाइजी की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। कुछ टीमें जहां खिलाड़ियों की चोट से परेशान हैं तो वहीं दिल्ली कैपिटल्स को बेन डकेट के हटने से झटका लगा है। दिल्ली कैपिटल्स को आईपीएल का आगामी सीजन शुरू होने से पहले ही झटका लगा है। इंग्लैंड के बल्लेबाज बेन डकेट ने आईपीएल 2026 से हटने का फैसला लिया है। डकेट को दिल्ली कैपिटल्स ने पिछले साल हुई मिनी नीलामी में दो करोड़ रुपये में खरीदा था, लेकिन अब घर पर समय बिताना चाहते हैं और लाल गेंद के क्रिकेट पर ध्यान केंद्रित करना चाहते हैं। आईपीएल के नियमनुसार, डकेट पर दो साल का प्रतिबंध लगाया जा सकता है। यानी डकेट अब 2027 और 2028 आईपीएल सीजन में भी हिस्सा नहीं ले पाएंगे। डकेट ने फ्रेंचाइजी से मांगी माफी डकेट ने कहा, यह बहुत कठिन निर्णय था और मैं दिल्ली में सभी से माफी मांगना चाहता हूं कि मैं नहीं आ पाऊंगा। जब मैंने नीलामी में अपना नाम दर्ज कराया था, तब मुझे लगा था कि यह एक शानदार अवसर होगा और दिल्ली जैसी फ्रेंचाइजी द्वारा मुझे चुनना अद्भुत था। मैं बेहद खुश था। यह दुनिया की सर्वश्रेष्ठ प्रतियोगिता है जिसमें सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी हिस्सा लेते हैं और यह एक अद्भुत अनुभव होता **क्या डकेट पर होगी कार्रवाई?** आईपीएल 2025 से पहले नियम में बदलाव किए गए थे जिसके अनुसार, अगर कोई विदेशी खिलाजडी नीलामी में चुने जाने के बाद लीग से बिना किसी वैध कारण के नाम वापस लेता है तो उस पर दो साल प्रतिबंध लगाया जाएगा। आईपीएल की शासकीय निकाय के अनुसार, किसी तरह की चोट या मेडिकल आपात स्थिति में ही खिलाड़ी को घर जाने की मंजूरी है। । **न बनाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं डकेट** डकेट का प्रदर्शन एशेज टेस्ट सीरीज में अच्छा नहीं रहा था और उन्हें टी20 विश्व कप के लिए चुनी गई इंग्लैंड टीम में भी नजरअंदाज किया गया था। डकेट एशेज के सभी पांच टेस्ट मैच में खेले थे लेकिन उन्होंने 10 पारियों में 202 रन बनाए थे। इस दौरान वह एक भी अर्धशतक नहीं लगा

## IPL 2026: राजस्थान रॉयल्स के 15000+ करोड़ में बिकने पर शेन वॉर्न के परिवार को फायदा! क्यों मिलेंगे 450 करोड़?



शेन वॉर्न ने 2008 में राजस्थान रॉयल्स के साथ एक खास डील साइन किया था। इस डील के तहत वह जब तक इस फ्रेंचाइजी के लिए खेलते, तब तक उन्हें हर साल के लिए 0.75% हिस्सेदारी मिलती। वॉर्न ने फ्रेंचाइजी के लिए चार सीजन खेले, जिससे उनकी कुल हिस्सेदारी तीन प्रतिशत हो गई। यह राशि उनके परिवार को आईपीएल 2026 के बाद मिलेगी, बशर्ते बीसीसीआई इसे मंजूरी दे दे। आईपीएल के लिए मंगलवार का दिन ऐतिहासिक रहा। दो फ्रेंचाइजी को लेकर दो बड़ी डीलों ने इस लीग की चमक को सातवें आसमान पर पहुंचा दिया। जहां एक तरफ रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का स्वामित्व बदल गया, वहीं अमेरिकी मूल के बिजनेसमैन काल सोमानी के नेतृत्व वाले कंसोर्टियम ने राजस्थान रॉयल्स की 100 प्रतिशत हिस्सेदारी 1.63 अरब डॉलर (करीब 15,290 करोड़ रुपये) में खरीद ली। राजस्थान और काल सोमानी की डील के बाद अचानक दिवंगत क्रिकेटर शेन वॉर्न सुर्खियों में आ गए। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट के दिग्गज स्पिनर शेन वॉर्न, जो मैदान पर अपनी जादुई गेंदों के लिए जाने जाते थे, वह एक दूर की सोच रखने वाले शख्स भी थे। उन्हें सही समय पर सही दांव लगाने के लिए जाना जाता था। 2008 में आईपीएल के पहले सत्र में राजस्थान रॉयल्स के कप्तान बनने पर, उन्होंने कथित तौर पर अपने अनुबंध में एक ऐसा क्लॉज शामिल किया था, जो लगभग दो दशक बाद उनके परिवार को एक बड़ी वित्तीय सौगात देने वाला है। यह क्लॉज तब एक्टिव हुआ जब राजस्थान रॉयल्स को काल सोमानी के नेतृत्व वाले एक अमेरिकी कंसोर्टियम ने 1.63 बिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 15,290 करोड़ रुपये) की भारी राशि में खरीदा। 2008 सीजन से पहले जब राजस्थान रॉयल्स ने वॉर्न को साइन किया था, तब उन्हें न केवल कप्तान की भूमिका सौंपी गई थी, बल्कि फ्रेंचाइजी में क्रिकेट संचालन का पूरा नियंत्रण भी दिया गया था। इस सौदे के एक हिस्से के रूप में, दिवंगत ऑस्ट्रेलियाई आइकन को टीम के लिए खेले गए प्रत्येक वर्ष के लिए 0.75 प्रतिशत स्वामित्व हिस्सेदारी दी गई थी।

## GT SWOT Analysis: गिल-फिलिप्स देंगे गुजरात टाइटंस को मजबूती राशिद की फॉर्म चिंता का विषय दूसरे खिताब की तलाश



शुभमन गिल की अगुआई वाली गुजरात टाइटंस की टीम आईपीएल का दूसरा खिताब जीतने के इरादे से उतरेगी। टीम के पास भारतीय और विदेशी खिलाड़ियों का अच्छा समूह है। आइए जानते हैं टीम का मजबूत और कमजोर पक्ष क्या है गुजरात टाइटंस ने 2022 में हार्दिक पांड्या की कप्तानी में अपने पहले ही सीजन में आईपीएल का खिताब जीता था। अब टीम की कमान शुभमन गिल के हाथों में है जो भारत के टेस्ट और वनडे टीम के कप्तान हैं। गिल पर आईपीएल में नजरें होंगी क्योंकि टी20 प्रारूप में पिछले कुछ समय से उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है जिस कारण वह टी20 विश्व कप टीम में भी जगह नहीं बना सके थे। इतना ही नहीं, अफगानिस्तान के स्पिनर राशिद खान की हालिया फॉर्म ने भी टीम की चिंता बढ़ा दी है। गुजरात का क्या है मजबूत पक्ष?पिछले सत्र में 759 रन बनाकर ऑरेंज कैप जीतने वाले साई सुदर्शन से इस बार भी अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। आईपीएल 2025 के बाद सुदर्शन टेस्ट में भारतीय टीम के लिए खास प्रदर्शन नहीं कर पाए, लेकिन घरेलू क्रिकेट में उन्होंने तमिलनाडु के लिए कुछ अच्छी पारियां खेली हैं। मुश्ताक अली टी20 में झारखंड को चैंपियन बनाने में अहम योगदान देने वाले कुमार कुशाग्र बल्लेबाजी को मजबूती देंगे। टीम की सबसे बड़ी ताकत ऑलराउंडर ग्लेन फिलिप्स, राशिद खान और जेसन होल्डर होंगे। पिछले सत्र के 15 मैचों में 25 विकेट लेकर पर्पल कैप जीतने वाले प्रसिद्ध कृष्णा का इस बार भी शुभमन फायदा उठाना चाहेंगे। उन्हें दूसरे छोर से मोहम्मद सिराज से अच्छा साथ मिल सकता है। दक्षिण अफ्रीकी पेसर कगिसो रबादा और अनुभवी ईशांत शर्मा भी कारगर हैं। गुजरात की टीम पहला मैच 31 मार्च को पंजाब किंग्स के खिलाफ न्यू चंडीगढ़ में खेलेगी। कप्तान गिल के लिए बीते कुछ महीने अच्छे नहीं रहे। पिछले साल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट मैच के दौरान वह चोटिल हो गए, तो उसके बाद उन्हें बल्लेबाजी में परेशानी हो रही है। उनकी कप्तानी में भारत घर में पहली बार न्यूजीलैंड से वनडे सीरीज हारा। टी20 विश्वकप टीम से भी बाहर हुए। गुजरात को अपनी कप्तानी में चैंपियन बनवाने के लिए वह शांत रहकर आत्मविश्वास पाना चाहते हैं। गिल का मानना है कि शांति में हर समस्या का समाधान है। आईपीएल 2026 का सीजन से गिल भारतीय टी20 टीम में वापसी करने की कोशिश करेंगे। राशिद खान की हालिया खराब फॉर्म गुजरात टाइटंस के लिए चिंता का विषय बना हुआ है।

# BOOK YOUR ADVERTISEMENT



+91 7088120612

